50000 हजार सामान्य वर्ग, 5 लाख बीपीएल परिवार के लिए इलाज की सुविधा है आयुष्मान कार्ड में

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में नागरिको की सुविधा के लिए शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। शिविर भिलाई शहर में प्रतिदिन अलग-अलग वार्डो के चिन्हित स्थानों पर लगाया जा रहा है। शहर के जिन नागरिको का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे नागरिक शिविर स्थल पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। शासन से प्राप्त सुविधा के अनुसार ₹50000 तक का इलाज सामान्य वर्ग के लिए, ₹5 लाख तक का इलाज बीपीएल परिवार के लिए, 70 साल से अधिक उम्र के व्यक्ति के लिए भी ₹500000 तक का इलाज की सुविधा आयुष्मान कार्ड पर मिल रहा है। निगम के सभी जोन में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो इनके कार्य की मॉनिटरिंग करेगे। इसके लिए जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में अजय सिंह राजपूत, जोन क्रमांक 02 वैशालीनगर में सुश्री येशा लहरे, जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार में सतीश यादव, जोन क्रमांक 05 सेक्टर 06 में जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। निगम क्षेत्र के इन जगहो पर लगेगा शिविर 22 एवं 23 अक्टूबर को वार्ड 06 प्रियदर्शिनी परिसर शीतला मंदिर संजय नगर, वार्ड 21 कैलाश नगर पार्षद कार्यालय व सुलभ शौचालय के पास, वार्ड 35 शारदा पारा पार्षद कार्यालय जनता स्कूल के पास, वार्ड 43 बापू नगर अम्बेडकर भवन, वार्ड 62 सेक्टर 06 मध्य सड़क 34 के बीच डोम शेड। 24 एवं 25 अक्टूबर को वार्ड 07 राधिका नगर सियान सदन, वार्ड 22 कुरूद सांस्कृतिक भवन बाजार चौंक व दुर्गा पंडाल प्रगति नगर, वार्ड 36 श्याम नगर सूर्या नगर सतनाम भवन व अहमत नगर आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर जलाराम मंदिर प्रांगण, वार्ड 63 सेक्टर 06 पश्चिम सड़क 55 तेलगुपारा व सड़क 65 दुर्गा मंच। 28 एवं 29 अक्टूबर को वार्ड 08 कृष्णा नगर राधाकृष्ण मंदिर व बजरंग चौंक वार्ड कार्यालय, वार्ड 23 घासीदास नगर दुर्गा मंच व कर्मा मंच, वार्ड 37 संत रविदास नगर पार्षद कार्यालय के पास, वार्ड 45 बालाजी नगर सामुदायिक भवन सांई मंदिर परिसार, वार्ड 64 सिविक सेंटर सेक्टर 10 सड़क 17 पार्षद कार्यालय के पास।